स्तर 2 (सप्ताह 10)

कविता/कहानी/अनुभव सुनना और सुनाना

उद्देश : बच्चों में ध्यान से सुनने की क्षमता विकसित होना और बोलने का मौका देना।

समय : 15 से 20 मिनट

प्रक्रिया :- परिवार के बड़ों से कहानी या कविता, घटना या अनुभव के बारे में सुनिए और उनसे सवाल पूछें। दूसरे दिन आप उनकों कोई भी एक कहानी या कविता सुनाएँ और इसबार उन्हें सवाल पूछने का अवसर दें।

अनुमान लगाकर पढ़ना और लिखना

उद्देश : चित्र के सूक्षम और बारीक़ पहलुओं का अवलोकन करना।

साहित्य : घर की नामलिखित वस्तु, कॉपी और पेन

समय : 10 से 15 मिनट

प्रक्रिया :- घर में अलग-अलग चीजों पर जो छपा या लिखा है उसके बारे में अनुमान लगाकर पढ़िए की क्या लिखा/छपा है? अपने अनुमान को किसी बड़े से तय कीजिए कि आपका अनुमान सही था कि ग़लत? लिखा या छपा हुआ अक्षर/शब्द/वाक्य अपने कॉपी में लिखें और परिवार के बड़ों से चेक करवा लें।